प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 78/ 2025)

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

https://www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 21 जुलाई 2025

तत्काल रिलीज़ के लिए

## भा.दू.वि.प्रा. ने तमिलनाडु राज्य (तमिलनाडु लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र के अंतर्गत) में मदुरै शहर और उनके आस-पास के क्षेत्रों में नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भा.दू.वि.प्रा.) ने जुलाई 2025 के महीने में मदुरै शहर के व्यापक शहर मार्गों को कवर करते हुए तमिलनाडु लाइसेंस सेवा क्षेत्र (LSA) के लिए अपने इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (IDT) निष्कर्ष जारी किए। भा.दू.वि.प्रा. क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की देखरेख में किए गए ड्राइव परीक्षणों को विविध उपयोग परिवेशों- शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट और ग्रामीण आवासीय क्षेत्रों आदि में वास्तविक दुनिया के मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

17 जुलाई 2025 से 20 जुलाई 2025 के बीच, भा.दू.वि.प्रा. की टीमों ने 454.6 किलोमीटर सिटी ड्राइव टेस्ट, 4.2 किमी वॉक टेस्ट और 7 हॉटस्पॉट स्थानों पर विस्तृत परीक्षण किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो कई तरह की हैंडसेट क्षमताओं वाले यूज़रों के सेवा अनुभव को दर्शाती हैं। इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट के निष्कर्षों को संबंधित सभी टीएसपी को सूचित कर दिया गया है।

मूल्यांकन किए गए मुख्य पैरामीटर्स:

a) वॉइस सेवाएं: कॉल सेटअप सफलता दर (CSSR), ड्रॉप कॉल दर (DCR), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस दर, स्पीच क्वालिटी (MOS), कवरेज।


b) डेटा सेवाएँ: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप दर और वीडियो स्ट्रीमिंग में देरी।


मदुरै शहर में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है:

कॉल सेटअप सफलता दर - एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 100.00%, 87.65%, 100.00% और 99.64% की कॉल सेटअप सफलता दर है।

ड्रॉप कॉल दर - एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 0.00%, 3.33%, 0.18% और 0.18% की ड्रॉप कॉल दर है।

प्रमुख QoS मापदंडों के विरुद्ध प्रदर्शन:
CSSR: कॉल सेटअप सफलता दर (% में), CST: कॉल सेटअप समय (सेकंड में), DCR: ड्रॉप कॉल दर (% में) और MOS: मीन ओपिनियन स्कोर




### सारांश-वॉइस सेवा

कॉल सेटअप सफलता दर: एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 100.00%, 87.65%, 100.00% और 99.64% की कॉल सेटअप सफलता दर है।

कॉल सेटअप समय: एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल के मामले में ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 1.15, 4.34, 0.73 और 1.78 सेकंड का कॉल सेटअप समय है।

ड्रॉप कॉल रेट: एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में क्रमशः 0.00%, 3.33%, 0.18% और 0.18% की ड्रॉप कॉल दर है।

कॉल साइलेंस/म्यूट रेट: पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (5G/4G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की साइलेंस कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 2.86%, 0.23% और 2.00% है।

मीन ओपिनियन स्कोर (MOS): एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का औसत MOS क्रमशः 4.01, 2.98, 3.90 और 4.33 है।

### सारांश-डेटा सेवा

डेटा डाउनलोड प्रदर्शन (कुल मिलाकर): एयरटेल (5G/4G) की औसत डाउनलोड गति 206.64 एमबीपीएस है, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 7.06 एमबीपीएस है, आरजेआईएल (5G/4G) की 308.03 एमबीपीएस है और वीआईएल (4G/2G) की 28.51 एमबीपीएस है।

डेटा अपलोड प्रदर्शन (कुल मिलाकर): एयरटेल (5G/4G) की औसत अपलोड गति 32.54 एमबीपीएस है, बीएसएनएल (4G/2G) की 5.95 एमबीपीएस है, आरजेआईएल (4G/3G/2G) की 29.85 एमबीपीएस है, और वीआईएल (5G/4G) की 16.39 एमबीपीएस है।

डेटा प्रदर्शन - हॉटस्पॉट (एमबीपीएस में):

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल- | 4G D/L: 43.85 | 4G U/L: 24.05 |
| | 5G D/L: 249.58 | 5G U/L: 34.94 |
| बीएसएनएल- | 4G D/L: 9.20 | 4G U/L: 11.46 |
| आरजेआईएल- | 4G D/L: 31.11 | 4G U/L: 11.67 |
| | 5G D/L: 241.28 | 5G U/L: 26.34 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 28.19 | 4G U/L: 17.20 |

नोट- "D/L" डाउनलोड स्पीड, "U/L" अपलोड स्पीड

मदुरै शहर में, मूल्यांकन में करुमथु, अलागुसिराई, पन्नीकुंडू, सथांगुडी, तिरुमंगलम, वलयनकुलम, मंगुलम, कप्पलुर, कोथियारकुंडू, विरधानूर, सोलंकुरुनी, पेजनेरी, थेनूर, अनुप्पनाडी, अय्यानकोट्टाई, मुल्लीपल्लम, ओथाकादाई, कालीमंगलम, ओवलूर, सीगनकुलम, गोमथिपुरम और उलगनेरी आदि के क्षेत्र शामिल थे।

इसके अलावा, भा.दू.वि.प्रा. ने स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को दर्शाने के लिए इन स्थानों पर वास्तविक दुनिया की स्थितियों का मूल्यांकन भी किया: 1. अरप्पलायम बस स्टैंड, 2. कलेक्टर कार्यालय, मदुरै, 3. सरकारी राजाजी अस्पताल 4. मदुरै एयरपोर्ट 5. मदुरै रेलवे स्टेशन 6. मट्टूथवानी बस स्टैंड 7. तिरुपुरन कुंडराम मुरुगन मंदिर।

परीक्षण वास्तविक समय के वातावरण में भा.दू.वि.प्रा.-कैलिब्रेटेड उपकरण और मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करके किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भा.दू.वि.प्रा. की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री बी. प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद), भा.दू.वि.प्रा. से ईमेल: adv.hyderabad@trai.gov.in पर या टेलीफोन नंबर +91-40-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।

(B.Praveen Kumar)
Advisor TRAI RO Hyderabad